Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a water barrage on Yamuna River in Agra.

प्रो. एस. पी. सिंह बघेल (आगरा): अध्यक्ष जी, बहुत-बहुत धन्यवाद । यद्यपि यह शून्य काल है, लेकिन हम सभी सांसद आपको शून्य काल के लिए सौ नंबर दे रहे हैं । यह बहुत अच्छी परम्परा है, जिसमें हमें मौका मिल रहा है ।

महोदय, मैं आगरा की एक बहुत महत्वपूर्ण समस्या के बारे में आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगा- गिरता हुआ भूजल स्तर और यमुना में पानी न होना । यह पेयजल संकट भी है, पर्यटन के लिए नुकसानदायक भी है और ताजमहल, जैसा मैंने पढ़ा है उसकी बुनियाद लकड़ी की है, जिसे नमी की आवश्यकता होती है और इसीलिए वह यमुना किनारे बनाया गया था । अब ताजमहल का किनारा पानी से दूर होता जा रहा है । ऐसा मैंने कई जगह पढ़ा है कि इससे ताजमहल को खतरा होगा । मैं यही निवेदन करना चाहूंगा कि एक बैराज बनाना बहुत जरूरी है । एक बैराज, इंटरनेशनल स्टेडियम और इंटरनेशनल एयरपोर्ट आगरा के लोगों की ये प्रमुख मांगें हैं । मैं जब बहुत छोटा था तब से बैराज की मांग हो रही है । कभी डाउन स्ट्रीम, कभी अप स्ट्रीम, कभी सर्वे और कभी डीपीआर हुआ । यह बहुत ही महत्वपूर्ण है । हथिनीकुंड से ज्यादा पानी छोड़ा जाना चाहिए । यमुना का बृज से बड़ा गहरा संबंध है, कन्हैया जी से बहुत गहरा संबंध है, उनकी जल क्रीड़ाएं हुआ करती थीं । लेकिन आज यमुना में न के बराबर पानी है । पीने के लिए गंगा जल आ रहा है । अगर वहां बैराज बन जाएगा तो भूजल बढ़ जाएगा और ताजमहल को जो संभावित खतरा है, वह दूर हो जाएगा और पेयजल संकट भी दूर हो जाएगा । संयोग से आगरा के जितने ब्लॉक्स हैं, एक ब्लॉक को छोड़कर सभी ओवर एक्सप्लोइटेड ब्लॉक हो गए हैं । यह बहुत ही महत्वपूर्ण है । संयोग से यहां जल शक्ति मंत्री बैठे हुए हैं । मैंने देखा है, लेकिन पढ़कर डेढ़ महीने में वह टर्म नहीं बोल सकते हैं । मैं भी उत्तर प्रदेश में अंडरग्राउण्ड वॉटर मिनिस्टर था । यह तब तक नहीं होगा, जब तक आप उस विभाग से इनवॉल्व नहीं होते हैं । मैं केन्द्र सरकार से यमुना में बैराज के लिए

निवेदन करना चाहता हूं । उसी से ग्रीन आगरा, क्लीन आगरा और नवीन आगरा हो पाएगा ।

माननीय अध्यक्ष :

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को प्रो. एस. पी. सिंह बघेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।